<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3018

21 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

एलॉय स्टील प्लांट के विनिवेश के कारण

प्रभावित नौकरियां

3018. श्री मो॰ नदीमुल हकः

श्री अहमद हसनः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिमी बंगाल के दुर्गापुर में अवस्थित एलॉय स्टील प्लांट में विनिवेश संबंधी सरकार के निर्णय के कारण ठेके पर काम करने वाले श्रमिकों सहित नौकरियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे निर्णय के फलस्वरूप ठेके पर काम करने वाले श्रमिकों सहित दिहाड़ी श्रमिकों और कर्मचारियों की जीवन-शैली पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ऐसे निर्णय के कारण प्रभावित उन लागों को क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध करवाने का इरादा रखती है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): सरकार ने एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी), दुर्गापुर के योजनाबद्ध विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान कर दिया है। योजनाबद्ध बिक्री की शर्तों एवं निबंधन से शेयर खरीद करार और शेयर धारक करार में कर्मचारियों की चिंताओं का उपयुक्त समाधान योजनाबद्ध विनिवेश के दौरान उपयुक्त समय पर हो जाएगा।

*****